समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# ‘भारत मे नुंकसान का एक भी सबूत दिखाएं...’, ऑपरेशन सिंदूर पर अजित डोवाल का बड़ा बयान, पाकिस्तान को खुली चेतावनी।

Publisher
Published on 11 Jul 2025




**23 मिनट मे पंाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को खत्म करने का दावा, IIT मद्रास मे दिया बड़ा बयान।**

**अजित डोवाल ऑन ऑपरेशन सिंदूर :** भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के खिलाफ **ऑपरेशन सिंदूर** (**Operation Sindoor**) के तहत बड़ा कदम उठाया। **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल** (**Ajit Doval**) ने खुलासा किया कि इस ऑपरेशन में पाकिस्तान के अंदर मौजूद **9 आतंकी ठिकानों को सिर्फ 23 मिनट** में तबाह कर दिया गया।

**IIT मद्रास** के **62वे दीक्षांत समारोह** में बोलते हुए डोवाल ने स्वदेशी तकनीक के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि इस ऑपरेशन में अधिकतर स्वदेशी उपकरणों का उपयोग किया गया था।

### पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सटीक हमला

**अजित डोवाल** ने कहा, “हमने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को सटीकता से निशाना बनाया। ये ठिकाने सीमा के पास नहीं थे। हमने कोई अतिरिक्त नुकसान नहीं पहुंचाया। हम जानते थे कि कहां हमला करना है और वहां कौन है।”

उन्होंने आगे बताया कि यह पूरा ऑपरेशन सिर्फ 23 मिनट में पूरा कर लिया गया। भारत का लक्ष्य स्पष्ट था — **आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश देना**।

### किस हमले का दिया गया जवाब?

भारत ने यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को **जम्मू-कश्मीर के पहलगाम** में हुए आतंकी हमले के जवाब में किया, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। डोवाल ने स्पष्ट किया कि **ऑपरेशन सिंदूर** के जरिए भारत ने अपने नागरिकों के खिलाफ हमलों का ठोस जवाब दिया है।

**विदेशी मीडिया को खुली चुनौती**

**अजित डोवाल** ने विदेशी मीडिया के उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की है।

उन्होंने कहा, "विदेशी मीडिया कह रही है कि पाकिस्तान ने भारत में हमला किया। मैं उनसे पूछना चाहता हूं — क्या उनके पास कोई एक भी फोटो या वीडियो है जिसमें भारत में किसी नुकसान का सबूत हो?"

डोवाल ने यह भी बताया कि विदेशी मीडिया ने पाकिस्तान के **13 एयरबेस** के पहले और बाद के फोटो प्रकाशित किए, जिसमें भारत के हमले से हुए नुकसान की पुष्टि होती है। उन्होंने कहा, "हम सक्षम हैं और जरूरत पड़ने पर और भी सख्त कार्रवाई कर सकते हैं।"

**ऑपरेशन सिंदूर : 7 मई की सुबह का बड़ा कदम**

7 मई को तड़के **भारतीय सेना** ने **ऑपरेशन सिंदूर** के तहत **पाकिस्तान** और **पाक अधिकृत कश्मीर** (POK) में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इस ऑपरेशन में करीब 100 से ज्यादा आतंकियों को ढेर किया गया।

यह हमला पूरी तरह से सुनियोजित और सटीक था, जिसमें कोई नागरिक नुकसान नहीं हुआ। **10 मई** को दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम पर सहमति बनी।

**अजित डोवाल** के बयान से साफ है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अब किसी भी स्तर पर सख्त कार्रवाई करने के लिए तैयार है। **ऑपरेशन सिंदूर** ने यह संदेश दिया है कि भारत अब आतंक के अड्डों को सीमा पार जाकर भी खत्म करने में सक्षम है।

महत्वपूर्ण बिंदु:

१. **ऑपरेशन सिंदूर मे 9 आतंकी ठिकानों पर हमला**
२. **केवल 23 मिनट मे पूरा किया गया ऑपरेशन**
३. **स्वदेशी तकनीक से सटीक हमला**
४. **विदेशी मीडिया के दावों को खारिज किया गया**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.